विषय कोड :
Subject Code : **109/209/309/505**

867- 0011167
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

# INTERMEDIATE SENT-UP EXAMINATION – 2025

# इन्टरमीडिएट उत्प्रेषण परीक्षा – 2025

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड :
Question Booklet Set Code : **A**

## SANSKRIT (Compulsory)

## संस्कृत (अनिवार्य)

**I. Sc., I. Com., I. A. & Voc.**

कुल प्रश्न : 100 + 5 = 105
**Total Questions : 100 + 5 = 105**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 24
**Total Printed Pages : 24**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।*
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

SANSKRIT

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें।** **50 × 1 = 50**

1. निरुक्तशास्त्र का वर्ण्य विषय है

   (A) उच्चारण-विज्ञान (B) पद-विज्ञान

   (C) अर्थ-विज्ञान (D) खगोल-विज्ञान

2. उपनिषदों में वर्णित है

   (A) ब्रह्म-विद्या (B) कर्मकाण्ड

   (C) गायन विद्या (D) राजनीति

3. उपजीव्य काव्य हैं

   (A) रामायण (B) महाभारत

   (C) पुराण (D) इनमें से सभी

4. ऋतुसंहार के रचनाकार हैं

   (A) माघ (B) भास

   (C) भारवि (D) कालिदास

5. कालिदास की रचना है

   (A) मालविकाग्निमित्रम् (B) विक्रमोर्वशीयम्

   (C) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (D) इनमें से सभी

6. संस्कृत साहित्य में तेरह नाटकों के रचनाकार कौन हैं ?

(A) कालिदास (B) भास

(C) भारवि (D) माघ

7. शतकत्रय के लेखक हैं

(A) जयदेव (B) अमरूक

(C) भर्तृहरि (D) जगन्नाथ

8. गद्यकार कौन हैं ?

(A) सुबन्धु (B) बाणभट्ट

(C) दण्डी (D) इनमें से सभी

9. 'हर्षचरित' किस विधा के अन्तर्गत आता है ?

(A) आख्यायिका (B) नाटक

(C) महाकाव्य (D) गीतिकाव्य

10. जगन्नाथ कवि की रचना है

(A) भामिनीविलास (B) गीतगोविन्द

(C) अमरूकशतक (D) नीतिशतक

11. वसन्तसेना कौन थी ?

(A) रानी (B) गणिका

(C) राजमाता (D) राजपुत्री

12. नायक चारुदत्त कहाँ का व्यापारी था ?

(A) वत्स देश का (B) अंग देश का

(C) मगध का (D) उज्जयिनी का

13. उज्जयिनी के राजा का साला कौन था ?

(A) वीरक (B) शोधनक

(C) अधिकरणिक (D) शकार

14. न्यायालयदृश्यम् पाठ में न्यायाधीश कौन था ?

(A) शकार (B) शोधनक

(C) वीरक (D) अधिकरणिक

15. वसन्तसेना के अपहरण का आरोप चारुदत्त पर कौन लगाता है ?

(A) वीरक (B) शकार

(C) शोधनक (D) अधिकरणिक

16. पद्मावती कहाँ की राजकुमारी थी ?

(A) राजगृह (B) वत्स

(C) मगध (D) कोसल

17. 'अथवा यौवनमत्रापराध्यति, न चारित्र्यम् ।' यह किसका कथन है ?

(A) अधिकरणिक (B) वृद्धा

(C) शकार (D) चारुदत्त

18. 'ग्रहणं चानिलस्येव चारुदत्तस्य दूषणम्' – यह किसकी उक्ति है ?

(A) शकार (B) अधिकरणिक

(C) वृद्धा (D) चारुदत्त

19. 'मत्सरी' पद का अर्थ है

(A) ईर्ष्यालु (B) दयालु

(C) कपटी (D) छली

20. 'मया' पद में कौन सी विभक्ति है ?

(A) प्रथमा (B) द्वितीया

(C) तृतीया (D) चतुर्थी

21. उदयनकथा से सम्बद्ध नाटक कौन है ?

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) स्वप्नवासवदत्तम्

(C) मृच्छकटिकम् (D) मुद्राराक्षसम्

22. यौगन्धरायण कौन था ?

(A) राजा (B) मन्त्री

(C) विदूषक (D) सखा

23. 'तपोवने ब्रह्मचारी' नाट्यांश का दृश्य कहाँ का है ?

(A) आश्रम का (B) राजगृह के परिसर का

(C) पर्वत का (D) वन का

24. ब्रह्मचारी कहाँ से आया था ?

(A) लावाणक से (B) काशी से

(C) उज्जयिनी से (D) मिथिला से

25. ग्रामदाह की घटना में कौन जल गई थी ?

(A) पद्मावती (B) वसन्तसेना

(C) वासवदत्ता (D) शकुन्तला

26. लावाणक ग्राम कहाँ था ?

(A) कोसल में (B) मगध में

(C) मिथिला में (D) वत्सराज्य में

27. मंगलम् पाठ के मन्त्र किस वेद से संकलित हैं ?

(A) सामवेद (B) अथर्ववेद

(C) यजुर्वेद (D) इनमें से सभी

28. 'अपत्यम्' पद का अर्थ है

(A) पिता (B) माता

(C) सन्तान (D) पितामह

29. 'भगवन् नय मां स्वाश्रयम्' – यह किसकी उक्ति है ?

(A) बाज (B) तपस्वी

(C) चुहिया (D) तपस्वी की पत्नी

30. 'श्रेयस्करी स्वस्थितिः' पाठ पंचतन्त्र के किस तन्त्र से संकलित है ?

(A) मित्रभेद (B) मित्रसम्प्राप्ति

(C) काकोलूकीय (D) लब्धप्रणाश

31. पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश को क्या कहा गया है ?

(A) पञ्चलक्षण (B) पञ्चरूप

(C) पञ्चभूत (D) पञ्चकाल

32. '............... सर्वत्र वर्जयेत्' – रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

(A) न्यून (B) न्यूनाधिक

(C) अत्यधिक (D) अति

33. वर्षावर्णनम् पाठ किस ग्रंथ से संकलित है ?

(A) रामायण (B) महाभारत

(C) उत्तररामचरित (D) प्रतिमानाटकम्

34. मयूरों की ध्वनि को क्या कहते हैं ?

(A) मयूरख (B) केका

(C) मयूरवाणी (D) कलरव

35. 'शैलापगाः शीघ्रतरं वहन्ति' - यह श्लोकांश किस पाठ से उद्धृत है ?

(A) ज्ञानसागरः (B) वर्षावर्णनम्

(C) व्यायामः (D) दिलीपवर्णनम्

36. '......... मेघाः' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त पद चुनें ।

(A) नदन्ति (B) गर्जन्ति

(C) वहन्ति (D) नृत्यन्ति

37. 'ताम्रम्' पद का अर्थ है

(A) पीतवर्ण (B) हरितवर्ण

(C) रक्तवर्ण (D) कृष्णवर्ण

38. 'विश्रम्य' पद में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) शतृ (B) क्त्वा

(C) ल्यप् (D) यत्

39. 'मेघ' पद का पर्यायवाची है

(A) वारिधर (B) बादल

(C) बलाहक (D) इनमें से सभी

40. 'पिबन्ति' में कौन धातु है ?

(A) पा (B) पिब्

(C) पच् (D) पश्य

41. दण्डी किसलिए प्रसिद्ध हैं ?

(A) अर्थ गौरव के लिए (B) उपमालंकार के लिए

(C) पद लालित्य के लिए (D) इनमें से सभी के लिए

42. सोमदत्तप्राप्तिकथा दशकुमारचरित की पूर्वपीठिका के किस उच्छ्वास से संकलित है ?

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) चतुर्थ

43. मगधराज कौन था ?

(A) राजहंस (B) सुवंश

(C) बालहंस (D) इनमें से कोई नहीं

44. अन्तेवासी तीर्थयात्रा की अभिलाषा से कहाँ गये थे ?

(A) गोदावरी के तट पर (B) यमुना के तट पर

(C) कावेरी के तट पर (D) साबरमती के तट पर

45. राजहंस के मंत्री-पुत्र का क्या नाम था ?

(A) सत्यवर्मा (B) सितवर्मा

(C) शुभवर्मा (D) मर्मवर्मा

46. भृगु ऋषि के पिता कौन थे ?

(A) इन्द्र (B) अत्रि

(C) वरुण (D) भारद्वाज

47. व्यायामः पाठ कहाँ से संकलित है ?

(A) सुश्रुतसंहिता (B) चरकसंहिता

(C) ऋग्वेदसंहिता (D) यजुर्वेदसंहिता

48. आयुर्वेद का वर्ण्य विषय है

(A) संगीत शास्त्र (B) दर्शन शास्त्र

(C) जादू-टोना विद्या (D) चिकित्सा

49. 'शरीरायासजननं कर्म व्यायामसंज्ञितम्' - यह श्लोकांश किस पाठ से उद्धृत है ?

(A) ज्ञानसागरः (B) व्यायामः

(C) भार्गवी-वारुणी-विद्या (D) उद्भिज्जपरिषद्

50. मुद्राराक्षस किस प्रकार का नाटक है ?

(A) सामाजिक (B) कूटनीतिक एवं राजनीतिक

(C) काल्पनिक (D) ऐतिहासिक

51. 'शिक्षकः' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) ण्यत् (B) यत्

(C) ण्वुल् (D) तृच्

52. 'धार्मिकः' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) ढक् (B) ठक्

(C) अक् (D) इञ्

53. 'दिव्या' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) टाप् (B) डाप्

(C) चाप् (D) ङीप्

54. 'मूर्खता' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) इञ् (B) ठक्

(C) ढक् (D) तल्

55. 'नील + इमनिच्' से निर्मित पद होगा

(A) नीलिमा (B) नीलीमा

(C) नीलिइमा (D) निलिमा

56. 'कथितवान्' पद किस काल का बोधक है ?

(A) वर्तमान काल (B) भविष्यत् काल

(C) भूतकाल (D) अनद्यतन भूतकाल

57. 'गन्तुम्' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) ल्यप् (B) तुमुन्

(C) शतृ (D) क्त

58. 'समः सुति' सूत्र है

(A) स्वर संधि का (B) व्यंजन संधि का

(C) विसर्ग संधि का (D) मुख संधि का

59. 'संहारः' में कौन-सी संधि है ?

(A) स्वर (B) व्यंजन

(C) विसर्ग (D) मुख

60. 'शयनम्' में कौन-सी संधि है ?

(A) अयादि (B) गुण

(C) यण् (D) वृद्धि

61. 'सोऽवदत्' किस संधि का उदाहरण है ?

(A) पररूप संधि (B) पूर्वरूप संधि

(C) दीर्घ संधि (D) वृद्धि संधि

62. 'बालश्चलति' में कौन-सी संधि है ?

(A) व्यंजन (B) स्वर

(C) विसर्ग (D) इनमें से कोई नहीं

63. 'उपेन्द्रः' में कौन-सी संधि है ?

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) वृद्धि (D) अयादि

64. 'सखि' शब्द का प्रथमा विभक्ति, बहुवचन में रूप होगा

(A) सखीन् (B) सखायः

(C) सखिभिः (D) सखिषु

65. वृद्धि संधि का उदाहरण है

(A) विद्यार्थी (B) एकैक

(C) यद्यपि (D) शयनम्

66. 'श्रीशः' में कौन-सी संधि हुई है ?

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) वृद्धि (D) यण्

67. 'हरिम् + वन्दे' – किस संधि का उदाहरण है ?

(A) विसर्ग (B) स्वर.

(C) व्यंजन (D) इनमें से कोई नहीं

68. 'अहिंसा' में कौन-सा समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व

(C) बहुव्रीहि (D) नञ्

69. 'पीताम्बरः' किस समास का उदाहरण है ?

(A) अव्ययीभाव (B) बहुव्रीहि

(C) द्वन्द्व (D) द्विगु

70. 'मातापितरौ' किस समास का उदाहरण है ?

(A) द्वन्द्व (B) नञ्

(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

71. 'उपगङ्गम्' में समास है

(A) कर्मधारय (B) द्विगु

(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

72. किस समास में उत्तर पद की प्रधानता होती है ?

(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व

(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष

73. 'वारणार्थानामीप्सितः' सूत्र किस विभक्ति का निर्देश करता है ?

(A) तृतीया (B) चतुर्थी

(C) पंचमी (D) षष्ठी

74. कर्म कारक का चिह्न है

(A) में (B) से

(C) को (D) का

75. गम् धातु विधिलिङ् लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन का रूप होगा

(A) गच्छेत्
(B) गच्छेयुः
(C) गच्छेतम्
(D) गच्छेताम्

76. मुनि पद का षष्ठी विभक्ति, बहुवचन रूप होगा

(A) मुनिभिः
(B) मुनिभ्यः
(C) मुनिषु
(D) मुनिनाम्

77. अन्तःस्थ वर्ण है

(A) य
(B) र
(C) ल
(D) इनमें से सभी

78. 'गर्जन्ति' किस लकार का रूप है ?

(A) लोट्
(B) लट्
(C) लङ्
(D) लिट्

79. 'दुराचार' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) दुर्
(B) चार
(C) दुरा
(D) दुः

80. 'पाण्डवः' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) तृच्
(B) तल्
(C) इञ्
(D) अण्

81. 'परितः' के योग में किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) प्रथमा (B) द्वितीया

(C) तृतीया (D) चतुर्थी

82. निम्नलिखित में से कौन स्त्री प्रत्यय है ?

(A) अनीयर् (B) ल्यप्

(C) क्त्वा (D) टाप्

83. 'ए' और 'ऐ' का उच्चारण स्थान है

(A) कण्ठ-ओष्ठ्य (B) कण्ठ

(C) कण्ठ-तालु (D) तालु

84. अनुनासिक वर्ण है

(A) म (B) भ

(C) ब (D) प

85. 'कर्ता' किसको सबसे अधिक चाहता है ?

(A) करण (B) कर्म

(C) सम्प्रदान (D) अधिकरण

86. 'कवीनाम्' में कौन-सी विभक्ति है ?

(A) षष्ठी
(B) सप्तमी
(C) चतुर्थी
(D) पंचमी

87. भूतकाल बोधक लकार है

(A) लट्
(B) लोट्
(C) लृट्
(D) लङ्

88. 'विहस्य' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) ण्वुल्
(B) ण्यत्
(C) ल्यप्
(D) यत्

89. 'लतया' किस विभक्ति का रूप है ?

(A) पंचमी
(B) तृतीया
(C) चतुर्थी
(D) सप्तमी

90. 'हरित्रातः' में कौन-सा समास है ?

(A) द्वितीया तत्पुरुष
(B) तृतीया तत्पुरुष
(C) चतुर्थी तत्पुरुष
(D) पंचमी तत्पुरुष

91. 'इन्द्र' का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ?

(A) इन्द्रा
(B) इन्द्रानि
(C) इन्द्राणी
(D) इन्द्राणि

92. कृत्य प्रत्यय किसमें लगता है ?

(A) संज्ञा
(B) सर्वनाम
(C) विशेषण
(D) धातु

93. 'अ + उ' मिलकर कौन-सा नया वर्ण बनता है ?

(A) ऐ
(B) ओ
(C) ई
(D) औ

94. 'हरि' शब्द का षष्ठी विभक्ति, बहुवचन में रूप होगा

(A) हरिषु
(B) हरीणाम्
(C) हरिभ्यः
(D) हरिभिः

95. हल् प्रत्याहार के अन्तर्गत कौन-कौन वर्ण आते हैं ?

(A) केवल स्वर वर्ण
(B) केवल व्यंजन वर्ण
(C) स्वर एवं व्यंजन वर्ण
(D) इनमें से कोई नहीं

96. तवर्ग का उच्चारण स्थान है

(A) कण्ठ (B) तालु

(C) मूर्धा (D) दन्त

97. प्रत्याहार सूत्र संख्या में कितने हैं ?

(A) 10 (B) 12

(C) 14 (D) 16

98. '80' को संस्कृत-भाषा में कैसे लिखते हैं ?

(A) षष्टिः (B) पञ्चाशत्

(C) सप्ततिः (D) अशीतिः

99. 'दाडिमम्' का अर्थ होता है

(A) आम (B) अखरोट

(C) अनार (D) अमरूद

100. 'ऐच्' प्रत्याहार में कौन-कौन वर्ण आते हैं ?

(A) ए, ओ (B) अ, आ

(C) ऐ, च् (D) ऐ, औ

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में संस्कृत में दें : 5 × 2 = 10

(i) शालंकायनः स्नानार्थं कुत्र गतः ?

(ii) वर्षासु नवं जलं कीदृशं भवति ?

(iii) सोमदत्तः कीदृशः आसीत् ?

(iv) नालन्दा-विद्यापीठं कुत्र आसीत् ?

(v) काम् उभयतः बिहारराज्यं स्थितम् विद्यते ?

(vi) कस्य विभाति कायः ?

(vii) सम्मेलनस्य प्रथमे सत्रे मध्ये कः उपविष्टः ?

(viii) ब्रह्मसमाजप्रमुखः कः आसीत् ?

(ix) वृक्षाणां परिषदि कः वक्ता के च श्रोतारः आसन् ?

(x) अर्धबलस्य लक्षणम् किम् ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पदों का संस्कृत में वाक्य-प्रयोग करें : 5 × 1 = 5

इदानीम्, राजा, सर्वदा, नम्राः, लब्ध्वा, दृश्यन्ते, भवेत्, प्रणम्य, कर्तुम्, कृत्वा

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्य की संस्कृत **अथवा** हिन्दी में सप्रसङ्ग व्याख्या करें : 1 × 7 = 7

(i) श्रमक्लमपिपासोष्ण-शीतादीनां सहिष्णुता ।

आरोग्यं चापि परमं व्यायामादुपजायते ।।

(ii) श्रोत्रं श्रुतेनैव न कुण्डलेन दानेन पाणिर्न तु कङ्कणेन ।

विभाति कायः करुणापराणां परोपकारैर्न तु चन्दनेन ।।

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संस्कृत में निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

(i) गणतंत्रदिवसः

(ii) मम प्रियकविः

(iii) सत्संगतिः

(iv) उद्यमः

(v) संस्कृतभाषायाः महत्त्वम् ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दें : 4 × 5 = 20

(i) 'मृच्छकटिकम्' नाटक का परिचय दें ।

(ii) 'परोपकारः' पाठ का सार लिखें ।

(iii) व्यंजन संधि किसे कहते हैं ? व्यंजन संधि के किन्हीं दो नियमों का उल्लेख करें ।

(iv) प्रधानाचार्य के पास बीमारी का कारण बताते हुए अवकाश प्राप्ति हेतु संस्कृत में पत्र लिखें ।

(v) 'दिलीप-वर्णनम्' पाठ पर आधृत राजा दिलीप के शारीरिक गुणों का वर्णन करें ।

(vi) 'व्यायामः' पाठ के आधार पर व्यायाम से होने वाले लाभ का वर्णन करें ।

(vii) विवेकानन्द के धर्मोपदेश को अपने शब्दों में लिखें ।

(viii) अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं :

संस्कृतभाषायाम् इदं प्रसिद्धम् अस्ति - अविवेकी पक्षपाती जायते । अस्य तात्पर्यमस्ति यत् अविवेकिनः जनाः स्वजनान् एव पोषयन्ति एवम् एव श्रीहर्षः स्वमहाकाव्ये लिखति - 'भवन्ति हि भव्येषु पक्षपातः ।' वस्तुतः ये जनाः आत्मनां

कृते भव्याः प्रियाः च भवन्ति तान् प्रति तु पक्षपातः सञ्जायते एव । जनाः अस्याभिप्रायम् इमं गृह्णन्ति यत् स्वजातीयानां पारिवारिकाणाम् जनानां वा पक्षे स्वीकृते एव उदयः भवति भ्रष्टाचारस्य । अतः अतिप्राचीनकालाद् एव समाजे भ्रष्टाचारः प्रचलितः आसीत् । कालिदासस्य अभिज्ञानशाकुन्तलनाटकेऽपि वयं पश्यामः यद् राज्ञः श्यालः खलु आरक्षकाणां महाधिकारी आसीत् ।

(क) कालिदास-विरचित-नाटकस्य नाम किम् ?

(ख) श्रीहर्षः स्वमहाकाव्ये किम् अलिखत् ?

(ग) अविवेकिनः कान् पोषयन्ति ?

(घ) आरक्षकाणां महाधिकारी कः आसीत् ?

(ङ) अस्य अनुच्छेदस्य समुचितं शीर्षकं लिखत ।